Title: Need to include Bhuyiyan, Ghatwal and Ghatwar castes in Jharkand in the list of Scheduled Tribes -- Laid.

श्री प्रदीप यादव (गोड्डा) : अध्यक्ष महोदय, झारखंड राज्य के दो करोड़ उनहत्तर लाख की आबादी में लगभग बीस लाख की आबादी भुइयाँ, घटवाल, (भूमिज) की है, जो आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से अत्यंत ही पिछड़ा है। पूर्व में यह जाति अनु0 जनजाति की श्रेणी में आती थी, आज किसी भी जाति में सूचीबद्ध नहीं होने के कारण यह आरक्षण एवं अन्य सुविधा से वंचित है।

अतः मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि भुइयाँ, घटवाल, घटवार (भूमिज) को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किया जाये ताकि उसका आर्थिक सामाजिक एवं शैक्षिक विकास हो सके।